सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-172
05/04/2017

मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

पटना, 05 अप्रैल 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित विमर्श सभाकक्ष में नगर विकास एवं आवास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा हुयी। पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री चैतन्य प्रसाद ने विभाग के कार्यों को रखा।

बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को अरबन इंजीनियरिंग ऑर्गनाइजेशन बनाने को कहा। बैठक में रियल स्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंट) एक्ट 2016 पर चर्चा की गयी। इस एक्ट के आधार पर बनायी जा रही बिहार रियल स्टेट (रेगुलेशन एण्ड डेवलपमेंट) एक्ट 2017 के प्रारूप पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा हाउसिंग बोर्ड द्वारा किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में निगम आयुक्त पटना नगर निगम को उपयोग के अनुसार संपति का टैक्स निर्धारण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर कुमार सिन्हा, प्रधान सचिव वित्त श्री रवि मितल, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****